(i) **Printed Pages: 3** **Roll No. ....**

(ii) **Questions : 6**

Sub. Code : 0 5 0 7

Exam. Code : 0 0 0 6

B.A./B.Sc. (General) 6th Semester

(2040)

HINDI

Paper : Elective

~~**Time Allowed : Three Hours]**~~ **[Maximum Marks : 90**

Note: Attempt 50% of Total Questions of Question Paper. Time: 2 Hours All will carry equal marks. Fraction will be lower digit.

1. किसी एक विषय पर निबन्ध लिखें :— 20

   (i) हिन्दी हैं हम .... ।

   (ii) पर्यावरण और प्रकृति ।

   (iii) सदाचार ।

   (iv) साहित्य समाज का दर्पण ।

   (v) बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ ।

   (vi) नारी और शिक्षा ।

   (vii) छायावाद ।

   (viii) सूरदास का वात्सल्य ।

2. (क) निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** की सन्दर्भ सहित व्याख्या करें :— 6

उसके बाद मैंने होली नहीं खेली, होली ही नहीं, और सभी त्यौहार छोड़ दिए। ईश्वर ने शायद मुझे क्रिया की शक्ति नहीं दी। अब बहुत चाहता हूँ कि कोई मुझे सेवा का काम ले। खुद आगे नहीं बढ़ सकता पीछे चलने को तैयार हूँ। पर मुझसे कोई काम लेने वाला भी नहीं, लेकिन आज वह रंग डालकर तुमने मुझे उस धिक्कार की याद दिला दी।

अथवा

दरबारियों ने कहा — महाराज वह योजना क्या है, एक मुसीबत है। उसके अनुसार कितने उलट-फेर करने पड़ेंगे। कितनी परेशानी होगी। सारी व्यवस्था उलट-पलट हो जाएगी। जो चला आ रहा है, उसे बदलने से नई-नई कठिनाइयाँ पैदा हो सकती हैं। हमें तो कोई ऐसी तरकीब चाहिए जिससे बिना कुछ उलट-फेर किए भ्रष्टाचार मिट जाए।

(ख) रेखाचित्र 'सुभान खाँ' के माध्यम से सुभान खाँ के व्यक्तित्व का विश्लेषण करें। 10

अथवा

'चीफ़ की दावत' कहानी के आधार पर मध्यवर्गीय मानसिकता और बदलते सम्बन्धों को स्पष्ट करें।

3. किन्हीं **दो** विधाओं के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालें :—

(i) नाटक

(ii) कहानी

(iii) रेखाचित्र

(iv) आत्मकथा। 2×12=24

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** छन्दों के लक्षण देते हुए उदाहरण भी दें :— 3×5=15

रोला, सवैया, दोहा, चौपाई, हरिगीतिका, सोरठा

5. देवनागरी लिपि के क्रमिक विकास पर प्रकाश डालें। 10

अथवा

सिद्ध कीजिए कि गुणों की दृष्टि से देवनागरी लिपि अत्यन्त वैज्ञानिक है।

6. पुत्र के विवाह अवसर पर भेजे जाने वाले निमन्त्रण-पत्र का प्रारूप तैयार करें। 5

अथवा

गुमशुदा लड़के की तलाश हेतु विज्ञापन तैयार करें।